तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

4
सरिया में संतों का आगमन शुरू श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद





## खबर संक्षेप



### पुलिस को लापता बालिका इंदौर में मिली

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर बने संपर्क के आधार पर नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर इंदौर ले जाने वाले आरोपी युवक और उसके मामा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया। घटना के संबंध में 9 नवंबर को स्थानीय निवासी ने थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को 6 नवंबर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाकर ले गया है। प्रकरण पर अपराध दर्ज कर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सुराग मिला कि बालिका इंदौर में है, जिस पर 18 नवंबर को पुलिस टीम इंदौर रवाना हुई और वहां से आरोपी नितेश नायर पिता दामोदर नायर निवासी लसुडिया मोरी, थाना लसुडिया जिला इंदौर के कब्जे से उसे दस्तयाब किया गया। महिला अधिकारी द्वारा कराए गए बयान में बालिका ने बताया कि तीन माह पहले उसकी नितेश से इंस्टाग्राम पर जान-पहचान हुई थी। इंस्टाग्राम चैट से मोबाइल नंबर लेने-देने के बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई। नितेश ने प्रेम का झांसा देकर शादी का वादा किया और इंदौर आने को कहा, जिस पर 6 नवंबर को बालिका अपनी सहेली के साथ घर से निकल गई। इंदौर स्टेशन पर नितेश उन्हें लेने पहुंचा और अपने मामा के घर ले गया। दो दिन बाद बालिका की सहेली को रायगढ़ जाने के लिए ट्रेन में बैठा दिया गया। चक्रधरनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इंदौर में आरोपी युवक और उसके मामा दोनों को गिरफ्तार किया। बालिका के कथन, मेडिकल पर आरोपी नितेश पर धारा पाक्सो एक्ट जोड़ा गया है और दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### पत्नी की हत्या के आरोपी को जंगल से पकड़ा



**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने पत्नी की हत्या कर दो दिनों से जंगल में छिपे आरोपी आलाप अगरिया को गुरुवार को तोलगे जंगल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 17 नवंबर को ग्राम तोलगे निवासी अमासो अगरिया 30 की उसके पति आलाप अगरिया 32 ने हत्या कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। हत्या के बाद से आरोपी जंगल में छिपा हुआ था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए मुखबिर लगाए गए थे। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी तोलगे के जंगल में देखा गया है, जिस पर पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया और आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि 16 नवंबर की रात पारिवारिक विवाद में उसने पत्नी को टांगी के बेंट से मारकर हत्या की थी।

### 135 अस्पतालों की मरम्मत की मिली स्वीकृति, पीडब्ल्यूडी ने जारी किया टेंडर

# अब गांवों के अस्पतालों की सुधरेगी दशा, कहीं छत से टपकता है पानी तो कहीं दीवारों पर दरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अब गांवों में संचालित अस्पतालों की दशा सुधारने की तैयारी हो रही है। इन अस्पतालों में कहीं छत से पानी टपकता है तो कहीं दीवार में दरक गई है। दीवारें दरकने से मरीज तो मरीज वहां के कर्मचारी भी भी दहशत में रहते हैं। हालांकि अब इनकी मरम्मत होने वाली है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर जारी कर दिया है। कुछ अस्पतालों के मरम्मत के लिए कार्यादेश भी जारी हो चुका है। अनुमानित यह काम आगामी जनवरी- फरवरी तक पूरा हो सकता है। इन अस्पतालों के मरम्मत में करीब करीब 600.17 लाख खर्च होने की बात कही जा रही है। इसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है।

**खास बात**
- सामुदायिक, प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्र हैं इसमें शामिल

लंबे समय से इन अस्पतालों को मरम्मत का इंतजार था। अब जाकर कुछ राहत की उम्मीद जगी है। जानकारी के अनुसार जिले के सात ब्लॉक में संचालित करीब 135 सामुदायिक, प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों का मरम्मत होगा। हर ब्लॉक में इसके लिए अलग-अलग बजट की स्वीकृति मिली है। सबसे ज्यादा रायगढ़ में 26 तो सबसे कम तमनार में 8 अस्पतालों का मरम्मत की स्वीकृति मिली है। पुसौर ब्लॉक के कुछ अस्पतालों के मरम्मत के लिए पहले ही टेंडर जारी हो चुका है। उनका कार्यादेश भी जारी हो चुका है। बाकी अस्पतालों के लिए टेंडर जारी किया गया है। बाकी प्रक्रियाधीन है। इन अस्पतालों के मरम्मत में करीब 600.17 खर्च होगा।




अस्पतालों के मरम्मत का काम चालू हो रहा है और कुछ जगह काम चालू हो गया है। टेंडर के बाद आगे की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।
**अमित कश्यप**
ईई पीडब्ल्यूडी

**ऐसे मिली है स्वीकृति**

इन अस्पतालों की मरम्मत के लिए 600.17 लाख की स्वीकृति मिली है। इसमें पुसौर ब्लॉक के 17 अस्पतालों की मरम्मत के लिए 83.67 लाख की स्वीकृति मिली है। इसी तरह तमनार के लिए 46.25 लाख, लैलूंगा 99.65 लाख, घरघोड़ा 46.33 लाख, धरमजयगढ़ 108.56 लाख, रायगढ़ 130.24 और खरसिया ब्लॉक के 20 अस्पतालों की मरम्मत के लिए 85.47 लाख की स्वीकृति मिली है।

**कहां कितने अस्पतालों की मरम्मत**

पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी अनुसार जिले में करीब 135 अस्पतालों की दशा सुधारने की तैयारी है। इसमें पुसौर ब्लॉक में 17, तमनार में 08, लैलूंगा ब्लॉक में 26, घरघोड़ा 18, धरमजयगढ़ 20, रायगढ़ 26 और खरसिया ब्लॉक में 20 अस्पतालों की मरम्मत होगी। सभी टेंडर जारी हो चुका है। इन अस्पतालों की मरम्मत दो से तीन महीने के भीतर पूरा करने की बात कही जा रही है।

### जल्द बढ़ेगी आरएसपी की क्षमता : कुमार स्वामी

**राउरकेला।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी देश के सर्वश्रेष्ठ और बेहतर प्रदर्शन करने वाले संयंत्रों में शामिल है तथा इसकी उत्पादन क्षमता को जल्द 9.5 मिलियन टन प्रति वर्ष एमटीपीए तक बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। 19 नवंबर को राउरकेला हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि विस्तार योजना को पूरा करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कल्याण मंत्री जुएल ओराम, रघुनाथपल्ली विधायक दुर्गा चरण तांतीए सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश और आरएसपी के निदेशक प्रभारी सह अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बोकारो इस्पात संयंत्र आलोक वर्मा भी उपस्थित थे। संयंत्र के इतिहास का उल्लेख करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि 1959 में शुरुआत के बाद आरएसपी ने निरंतर क्षमता वृद्धि की है और आगामी चरण देश की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 एमटीपी तक पहुँचाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## एनएच 49 में ट्रक से टकराई कार, शिक्षक की मौत, भूपदेवपुर में भी हादसा, पार्षद ने गंवाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार की देर रात खरसिया और भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में शिक्षक और पार्षद की मौत हो गई। एनएच 49 में खड़ी ट्रक से ओवर स्पीड कार टकरा गई। जिससे कार में सवार शिक्षक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। इसी तरह भूपदेवुपर में एक ट्रेलर ने बाइक सवार भाजपा पार्षद को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी जान चली गई। दूसरी ओर हादसों के इस शहर में 11 महीने के भीतर हुए सड़क हादसों में 310 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अधिकांश हादसे भारी वाहनों से हो रहे हैं। इसके बाद भी भारी वाहनों की रफ्तार पर न तो ट्रैफिक पुलिस नियंत्रण कर पा रही है और ना ही थानों की पुलिस इस ओर कभी अभियान चलाती है। ऐसे ही बुधवार की देर रात हुई सड़क हादसे में पहली घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है। बुधवार की रात ग्राम गुरदा निवासी शिक्षक विरेंद्र सिंह राठिया कुशवाबहरी में पदस्थ हैं वह अपने साथी विक्रम महंत के साथ कार से रायगढ़ की ओर जा रहे थे। कार को विक्रम चला रहा था और रफ्तार काफी तेज थी। कार जैसे ही एनएच 49 में पतरापाली के पास पहुंची तभी कार के चालक ने अचानक सामने में एक खड़ी ट्रक को देखा। चालक कुछ समझ पाता तब तक कार सीधे ट्रक से जा टकराई और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसा इतना भयावह था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही शिक्षक विरेन्द्र सिंह की मौत हो गई। जबकि चालक विक्रम महंत गंभीर रूप से घायल है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इसी तरह दूसरी घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है। किरोड़ीमलनगर निवासी और वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद नंदकुमार यादव 54 बुधवार की शाम बाइक में किसी काम से नहरपाली की ओर गए थे। वापसी के दौरान कुशवाबहरी के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पार्षद का सिर ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया है।



**सारंगढ़ में भी हुई दो की मौत**

रायगढ़ से अलग हुए सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में भी एक बड़ी सड़क दुर्घटना की जानकारी सामने आई है। बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत टुंडरी पुल के पास एक छोटा हाथी वाहन और हाईवा में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में छोटा हाथी वाहन में सवार दिनेश साहू व रूकमणी केंवट की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

**हाल ही में भारी वाहनों से हुए हादसे**

रविवार को चिराईपानी के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने यात्री बस को टक्कर मार दी थी। इस घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे। इसी तरह सोमवार की देर रात छातामुड़ा बाइपास पर दो ट्रेलर आपस में भिड़ गए, जिसमें दोनों वाहनों के चालकों को चोट आई थी। वहीं मंगलवार को खरसिया के चोढ़ा चौक में अनियंत्रित ट्रेलर ने बस को टक्कर मार दी। जिसमें बस के कंडक्टर की मौत हो गई थी और दर्जनभर यात्री घायल हुए थे। वहीं अब बुधवार को भी एक ट्रक और ट्रेलर ने दुर्घटना को अंजाम दिया है।

## कोयला खनन क्षेत्र में किए जा रहे सर्वे पर रोक लगाने ग्रामीणों ने घेरा एसडीएम दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एसईसीएल के दुर्गापुर कोयला खनन परियोजना क्षेत्र व कर्नाटका पॉवर के कोयला खनन क्षेत्र में किए जा रहे डीजीपीएस सहित अन्य प्रकार के सर्वे पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने धरमजयगढ़ एसडीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। वहीं एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि दुर्गापुर कोयला खनन के प्रभावित क्षेत्र दुर्गापुर, शाहपुर, धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ कॉलोनी, तराईमार, बायसी व बायसी कालोनी में एसईसीएल द्वारा प्रभावित अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम पंचायतों से बिना अनुमति के डीजीपीएस सर्वे कराया जा रहा है। जिसे ग्रामवासी तत्काल रोकना चाहते हैं। ग्रामीणों की मानें तो दुर्गापुर, शाहपुर, धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ कॉलोनी, तराईमार, बायसी व बायसी कालोनी अनुसूचित क्षेत्र है, जहां पेसा अधिनियम प्रभावशिल है। पेशा अधिनियम के धारा 4 (क) के अनुसार ग्रामसभा को भूमि, जल वन व प्राकृतिक संसाधनों पर पूर्ण अधिकार है। ग्राम सभा के अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का खनन व अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार धारा 4 (घ) खनिज कार्य की स्वकृति का अंतिम अधिकार ग्रामसभा को है। प्रभावित क्षेत्र के किसी भी ग्रामसभा ने खनन के लिए अनुमति नहीं दी है, बल्कि विरोध में प्रस्ताव पारित किय गया है। इसके अलावा धारा 4 (च) किसी प्रकार के उद्योग, खदान, भूअर्जन, विस्थापन करने का अधिकार किसी खनन कंपनी को नहीं है। इसलिए उस क्षेत्र में किसी भी परियोजना के किसी भी प्रकार के गतिविधि के लिए ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य है। ऐसे में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सभी प्रकार के सर्वे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## दुकानदार ने डिफेक्टिव साड़ी के बदले रुपए लौटाने से किया इनकार, अब देना होगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दुल्हान साड़ी शोरूम द्वारा डिफेक्टिव साड़ी की बिक्री करने और ग्राहक को रुपए लौटाने से मना करने का मामला सामने आया है। परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग रायगढ़ का दरवाजा खटखटाने पर आयोग अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य राजेन्द्र कुमार पांडेय व राजश्री अग्रवाल ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया है। शोरूम संचालक को 45 दिन के भीतर मानसिक क्षतिपूर्ति, वाद व्यय सहित आवेदक का रुपए लौटाने आदेशित किया गया है। दरोगापारा निवासी देवेन्द्र कुमार पांडेय (63) ने 13 अक्टूबर 2024 को पैलेस रोड स्थित दुल्हन साड़ी के शोरूम से 13 हजार 920 रुपए में 5 साड़ी खरीदा था। जिसका इनवाइस नंबर 0010197 है। शोरूम के कर्मचारियों द्वारा देवेन्द्र को साड़ियों की गुणवत्ता, रंग, प्रिंटख मैन्यूफैक्चरिंग को लेकर पूरी तरह आश्वस्त किया गया और विश्वास दिलाया कि साड़ियां उच्च कोटि की हैं।

**फोरम का फैसला**
- 45 दिन के भीतर मानसिक क्षतिपूर्ति, वाद व्यय समेत आवेदक को रुपए लौटाने का आदेश

साड़ियों को खरीदने के कुछ दिन बाद ऑरेंज व पिंक कलर की साड़ियां जिनकी कीमत 7 हजार 960 रुपए है उसका पहली धुलाई में ही रंग निकल गया। ऐसे में देवेन्द्र ने शोरूम में शिकायत की तब वहां के कर्मचारियों द्वारा अपनी गलती मानते हुए 2 दिसंबर 2024 को दोनों साड़ियों का केमिकल वॉस कर ग्राहक को वापस किया गया।

खास बात यह है कि केमिकल वॉस के बाद भी साड़ियों के रंग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ तो देवेन्द्र ने दोनों साड़ियों को वापस करते हुए व अपने रुपए लौटाने को कहा। तब दुल्हन शोरूम के कर्मचारियों ने ऐसा करने से मना करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार किया। ऐसे में उन्होंने आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने इस मामले में शोरूम संचालक को 45 दिन के भीतर साड़ियों का मूल्य 7 हजार 960 रुपए, आर्थिक, मानसिक क्षति के रूप में 5 हजार रुपए व वाद व्यय 2 हजार रुपए देने आदेशित किया है।

### पुलिस ने दो मवेशी तस्करों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने गुरुवार को मवेशी तस्करी पर कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन में अवैध रूप से गौवंश परिवहन कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा है। इस कार्रवाई में वाहन से 10 नग गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन में मवेशी तस्करी की जा रही है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घरघोड़ा से लैलूंगा की ओर आ रहे वाहन को झगरपुर मेनरोड चौक पर घेराबंदी में रोककर जांच की। वाहन में 10 कृषक गौवंश मिले। वाहन चालक ने अपना नाम विपिन कुमार तिर्की पिता स्व. बरनावस तिर्की 45 निवासी दोकड़ा थाना कांसाबेल जिला जशपुर बताया, जबकि उसके साथी ने मनोज राम पिता विश्राम राम 39 वर्ष निवासी कांसाबेल जिला जशपुर होना बताया।

## 8 कोचियों के घर दबिश, साढ़े 12 सौ बोरी अवैध धान जब्त



**रायगढ़।** गुरुवार को संयुक्त टीम ने दबिश देकर 8 कोचियों से साढ़े 12 सौ बोरी अवैध धान जब्त किया है। अधिकारियों की इस कार्रवाई से कोचियों में हड़कंप मच गया है। धान खरीदी चालू होने से पहले ही अवैध धान रोकने के लिए संयुक्त टीम गठित की गई थी। अलग अलग ब्लॉकों में गठित इस टीम ने गुरुवार को दबिश देकर गोदामों में भंडारित अवैध धान जब्त किया है। इसमें घरघोडी में 65 बोरी बेहरामार छाल में 60 बोरी, ओडेकेरा में 20 बोरी, कुडेकेला में 55, कटाईपाली सी में दो जगह छापेमारी कर 1 हजार 50 बोरी धान जब्त किया गया है। इसी तरह कुंजारा और बाकारुमा में 55, 60 बोरी धान जब्त किया गया है। एक ही दिन में 8 जगह कार्रवाई होने से व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्पर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



# ‘ओ ओ जाने जाना’ गाने पर झूमे शाहरुख और सलमान

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान तीन दशकों से भी ज्यादा समय से दोस्त हैं। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों कलाकार अक्सर किसी न किसी इवेंट में मिलते रहते हैं। ऐसे ही एक इवेंट में दोनों ने सलमान के मशहूर गाने ‘ओ ओ जाने जाना’ पर जमकर डांस किया। यह ‘परफॉर्मेंस’ कुछ समय पहले का है, लेकिन इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान और सलमान खान एक दूसरे के साथ डांस स्टेप्स मैच कर रहे हैं। दोनों फॉर्मल ड्रेस में हैं। डांस करते हुए दोनों काफी खुश हैं। दोनों स्टार जब स्टेज पर डांस कर रहे हैं, तो उनके सामने जो लोग मौजूद हैं वह भी उनके साथ डांस कर रहे हैं।

लाइफ Style



# हुमा
## आधे से ज्यादा लोगों को ठीक से हिंदी नहीं आती

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा से जुड़े होने के बाद भी कई लोगों को बॉलीवुड में हिंदी नहीं आती है। इस बात से हुमा काफी दुखी हैं। हुमा कुरैशी ने कहा, ‘हिंदी फिल्म इंडस्ट्री होने के बावजूद आधे से ज्यादा लोग ठीक से हिंदी नहीं जानते हैं। सेट पर बातचीत भी इंग्लिश में होती है। यहां तक कि हमारी स्क्रिप्ट भी इंग्लिश में ही छपती है। मेरा सवाल है कि आप फिल्में किसके लिए बना रहे हैं? आप इन्हें हिंदी बोलने वाले दर्शकों के लिए बना रहे हैं। तो कम से कम हिंदी तो बोलिए। पिछले दिनों हुमार कुरैशी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए गए इंटरव्यू में बताया था कि वह कोई भी भाषा जल्दी सीख जाती हैं। वह कहती हैं, अगर मैं किसी के साथ रोज आधा या एक घंटा बिताऊं, तो उनकी तरह बोलना शुरू कर सकती हूं। कुछ दिन पहले हुमा कुरैशी को सिंगर हिमेश रेशमिया के म्यूजिक कॉन्सर्ट में देख गया। इस कॉन्सर्ट में वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड रचित सिंह के साथ देखा गया। रचित ने हुमा के गले में हाथ डाला हुआ था, यही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। लेकिन अब तक अपने रिश्ते को लेकर हुमा कुरैशी ने कोई बयान नहीं दिया। अपने रिलेशनशिप को पब्लिकली कंफर्म नहीं किया है।

हुमा कुरैशी ने फिल्मों के बाद वेब सीरीज की दुनिया में भी अलग जगह अपने लिए बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस की सीरीज ‘महारानी’ रिलीज हुई। इस सीरीज के लिए उन्होंने बिहारी भाषा सीखी। अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए काफी मेहनत की। लेकिन, हुमा का मानना है कि बॉलीवुड की स्थिति अलग है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडरमैन बनकर लौटेगा...

**लॉस एंजिल्स।** ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ मार्वल यूनिवर्स अगली बड़ी फिल्म है, जो साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में वैनेसा किबी, रॉबर्ट डाउने जूनियर और लुईस पुलमैन जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। हॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने जानकार डेनियल रिचमैन ने बताया है कि सभी के फेवरेट टोबी मैग्वायर मोस्ट अवेटेड फिल्म ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ में स्पाइडर मैन के किरदार में फिर से दिखाई दे सकते हैं। एवेंजर्स डूम्सडे में टोबी मैग्वायरका कैमियो होगा या फिर वह फुल फिल्म में स्पाइडर मैन बनकर एक्शन करते दिखाई देंगे।



# रैपर निकी मिनाज ने संयुक्त राष्ट्र में उठाया गंभीर मुद्दा...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि नाइजीरिया में ईसाइयों को सताया जा रहा है। इस बात को निकी मिनाज ने भी मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में कहा है। त्रिनिदाद में जन्मी निकी मिनाज ने ट्रंप को शुक्रिया भी कहा क्योंकि इतने जरूरी मुद्दे पर उन्होंने बात की। इस महीने शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया में ईसाइयों को सताए जाने का मुद्दा उठाया। सोशल मीडिया पर भी उन्होंने यह बात कही, जिस पर निकी मिनाज ने भी रिएक्शन दिया था। इस मुद्दे के चर्चा में आने के बाद संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निकी ने अमेरिकी मिशन के एक पैनल में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज और रिलीजियस लीडर के साथ बात की। वह कहती हैं, दुख की बात है कि यह समस्या न केवल नाइजीरिया में, बल्कि दुनिया भर के कई अन्य देशों में भी बढ़ती जा रही है।



# अपने फैसलों पर होता है पछतावा..!

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अपने 18 साल के कॅरियर में दीपिका पादुकोण ने अब तक कई कामयाब फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म ‘ओम शांति ओम’ से की और वह पैन इंडिया ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘कल्कि 2898 ए.डी.’ में नजर आईं। हालांकि, उनकी कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। हाल ही में दीपिका ने एक इंटरव्यू में माना कि कई बार उन्होंने गलत फैसले भी लिए हैं, जिसका उन्हें पछतावा है। दीपिका ने बताया कि वह फिल्म चुनते वक्त किन बातों का ध्यान देती हैं। दीपिका ने बताया ‘सबसे बड़ी चीज प्रमाणिकता है। जो भी चीज सच्ची नहीं लगती, वह मुझे रास नहीं आती। कभी-कभी लोग बहुत सारा पैसा देते हैं और सोचते हैं कि इससे सब कुछ हो जाएगा।



# परिणीति- राघव ने शेयर की बेटे की झलक

**मुंबई।** परिणीती चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा हाल में बेटे के पेरेंट्स बने हैं। 19 अक्टूबर को कपल ने एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की थी। अब ठीक एक महीने बाद परिणीती ने नया पोस्ट शेयर कर दुनिया को अपने बेटे का नाम बताया है। एक्ट्रेस ने अपने बेटे के नाम का मतलब और पहली झलक शेयर की है। इन तस्वीरों में राघव भी नजर आ रहे हैं। दोनों बेटे को चूमते नजर आए। परिणीती ने बेटे की पहली झलक शेयर करते हुए नाम उजागर किया है। एक्ट्रेस ने संस्कृत का एक श्लोक शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा है, ‘जलस्य रूपम्, प्रेमस्य स्वरूपम् - तत्र एव नीर।’ एक्ट्रेस ने आगे लिखा, ‘हमने उसका नाम ‘नीर’ रखा है। शुद्ध, दिव्य, असीम। इस पोस्ट पर वरुण धवन ने रिएक्शन दिया है। भारती सिंह को भी नाम पसंद आया।

## टीवी मसाला



# नई वेब सीरीज: छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** सिंगल मदर्स पर तो हमने कई दिलचस्प कहानियां देखी हैं। लेकिन, इस बार बात ‘सिंगल पापा’ की है। यह सीरीज 12 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। ओटीटी पर एक नई कॉमेडी सीरीज ‘छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका’ आ रही है, जिसमें कुणाल खेमू लीड रोल में हैं। उनके किरदार का नाम ‘जीजी’ है। एक ऐसा इंसान जिसकी उम्र तो बढ़ गई, लेकिन हकरतें बच्चों वाली हैं। ऊपर से बीवी ने तलाक दे दिया है। मजेदार बात यह कि अपने बाकपन में बिना सोचे-समझे, जीजी एक बच्चे को गोद ले लेता है। अब इसके बाद उसका क्या होता है, यह देखने लायक होगा। ‘सिंगल पापा’ एक नई फैमिली कॉमेडी वेब सीरीज है। फर्स्ट लुक पोस्टर आ गया है। यह शो आज के इस नए जमाने में पिता बनने के बाद उथल-पुथल भरी जिंदगी पर मजेदार और मार्मिक नजर डालती है। शो में कुणाल खेमू के साथ प्राजक्ता कोली, आयशा रजा और मनोज पाहवा भी हैं कहानी का नायक गौरव गहलोत है, जो एक हट्टा-कट्टा पुरुष है, लेकिन दिमाग बालकों वाला है। गौरव गहलोत उर्फ जीजी की उम्र तो बढ़ गई, लेकिन अक्ल और भावनाएं बचपने में ही अटकी हैं। जीजी का नया-नया तलाक हुआ है। रिश्ता टूटने का उसे दर्द तो है, लेकिन इससे उबरने के लिए वह जल्दबाजी में एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। अब बच्चे की परवरिश करना कोई आसान बात तो है नहीं, खासकर जीजी के लिए और भी सिंगल पापा बनकर। तो कहानी में आगे उसकी जिंदगी में उथल-पुथल है। ढेर सारा पारंपरिक ड्रामा है, हैरान-परेशान कर देने वाली हरकते हैं। लेकिन, इसी के साथ एक सिंगल फादर के संघर्ष की मार्मिक कहानी भी है।



## मलाइका ने कंटेस्टेंट के सिर पर रखे गैस-चूल्हे पर बनाई चाय

**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा हाल ही यो यो हनी सिंह के गाने ‘चिलगम’ के कारण खूब सुर्खियां बटोर रही थीं और कुछ यूजर्स ने उनके डांस के कारण एक्ट्रेस को निशाने पर ले लिया था। अब वह नए रियलिटी शो ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ के कारण चर्चा में हैं। मलाइका अरोड़ा इसमें जज बनी हैं और साथ में नवजोत सिंह सिद्धू भी हैं। हाल ही मलाइका ने शो के एक एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सिर पर गैस-चूल्हा रखकर चाय बनाई। फिर चाय नवजोत सिद्धू और बाकी लोगों को भी पिलाई। मलाइका के साथ-साथ कंटेस्टेंट की दिलेरी देख सबके पसीने छूट गए। इसे ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ के आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा, पर मेकर्स ने इसका प्रोमो रिलीज किया है। ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ में एक से बढ़कर एक कंटेस्टेंट्स अपना हुनर लेकर आ रहे हैं, जो सभी को हैरान कर रहा है। शो में एक ऐसा कंटेस्टेंट भी आया, जिसने अपने सिर पर एक गिलास के ऊपर गैस और चूल्हा रखकर बैलेंस किया। यह देख सब हैरान रह गए।

# मस्ती-4 को मिला ए सर्टिफिकेट, हटाया गया 9 सेकंड लंबा जानवरों से जुड़ा सीन

मुंबई। रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी की एडल्ट कॉमेडी फिल्म मस्त का चौथा पार्ट आ रहा है। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित मस्ती 4 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सीबीएफसी ने एडल्ट सर्टिफिकेट किया है। उन्होंने कई बदलाव और कट्स को बोले हैं जिसके बारे में आपको बताते हैं।

***क्या बदलाव करने को कहा गया :*** सीबीएफसी ने मेकर्स ने मस्ती 2 के 3 डायलॉग को मॉडिफाई और एक को रिप्लेस करने को बोला है। बहन और आइडम जैसे शब्दों को रिप्लेस करने को कहा है। एक शराब के ब्रांड के नाम को फिक्शनल नाम दिया है। इसके




अलावा सीबीएफसी ने मेकर्स को 9 मिनट का लंबा टॉप एंगल एनिमल हम्पिंग विजुअल को डिलीट करने को भी बोला है। 30 सेकंड का ह्यूमन फेस का लॉन्ग और क्लोज विजुअल भी ट्रिम किया है। सारे मॉडिफिकेशन के बाद फाइनल रमटाइम मस्ती 4 का है 144.17 मिनट यानी 2 घंटे 24 मिनट और 17 सेकेंड का।

### *आफताब बोले यह फिल्म फन के लिए है*

*आफताब ने मस्ती 4 की थीम को लेकर कहा था यह फिल्म ना महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करता है और ना ही एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को प्रमोट करता है। उन्होंने कहा, ‘मस्ती 1 में लोगों को लगा कि हम महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं और एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को प्रमोट कर रहे हैं, लेकिन यह एक सिंपल फिल्म है जिसमें 3 आदमी बाहर कुछ मस्ती करना चाहते हैं, लेकिन एंड में उन्हें उनकी पत्नियों से एक सीख मिलती हैं। यह सब सिर्फ एंटरटेनमेंट है। कई सीरियस फिल्म अफेयर्स पर फिल्म बनाते हैं, लेकिन उनपर कोई सवाल नहीं करता है।’*

# चेक करनी है पार्टनर की लॉयल्टी? तो इस फिल्म से लें आइडिया...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में भी बनी हैं, जो कपल की लॉयल्टी पर बेस्ड हैं। इन फिल्मों को देखने का एक फायदा यह होता है कि इससे यह पता करने में आसानी होती है कि कई आपका पार्टनर आपको चीट तो नहीं कर रहा है। चाहे शादीशुदा हो या कमिटेड लॉयल्टी चेक वाली फिल्में देखने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि आज के टाइम में किसी पर भी आंख मूंद कर भरोसा करना ठीक नहीं है। क्योंकि, अब तो सोशल मीडिया पर रिलेशनशिप को लेकर इतना रायता फैल गया है कि लोगों के बने बनाए घर तक बिगड़ गए हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस फिल्म के बारे में जिसे देखने के बाद आप पता कर सकते हैं कि आपकी या आपका पार्टनर, बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड आपके पीठ पीछे कोई गुल तो नहीं खिला रहे हैं।



### कपल के सामने थी कुछ ऐसी शर्त

पहले पार्ट में फिल्म लवयापा होती है और दूसरे पार्ट में यह लव+सियापा बन जाती है। जब दोनों की बात शादी तक पहुंच जाती है, तो बानी के पिता दोनों के सामने एक ऐसी शर्त रखते हैं, जिससे दोनों की असल मोहब्बत की परतें खुलकर सामने आ जाती हैं। शर्त यह होती है कि दोनों को 24 घंटे के लिए एक-दूजे का मोबाइल फोन एक्सचेंज करना है। हालांकि, दोनों के लिए ऐसा करना कठिन था, फिर भी दोनों ने शादी के लिए यह डील मान ली।

### पार्टनर की पोल खोल देगी ये फिल्म

इस फिल्म का नाम है लवयापा। फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया था। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह दिल्ली के रहने वाली गौरव (जुनैद) और बानी (खुशी ) नामक कपल पर बेस्ड है। यह दोनों इंस्टाग्राम पर मिलते हैं और काफी समय तक एक-दूजे को डेट करते हैं। इस दौरान वह एक-दूजे को जानने और समझने की कोशिश भी करते हैं। दोनों में बहुत खूबसूरत केमिस्ट्री चल रही है होती है कि तभी इन दोनों की लाइफ में ऐसा ट्विस्ट आता है कि इनका बाबू-शोना वाला प्यार देखते ही देखते लड़ाई झगड़े में तब्दील हो जाता है।

## गानों में हैं अलग तरह की गहराई, दर्द और मेलोडी

# जुबीन गर्ग के इन गानों ने दर्शकों के दिलों में बनाई खास जगह

*मुंबई। दिवंगत असमिया गायक जुबीन गर्ग के गानों में अलग तरह की गहराई, दर्द और मेलोडी है, जो उन्हें बाकी गायकों से अलग बनाती थी। जुबीन गर्ग गायकी की दुनिया का वो नाम थे, जो जन-मानस के दिलों पर आज भी राज करते हैं। गायक तो अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके गीत सदा के लिए अमर हो चुके हैं।*

### या अली

साल 2006 में अनुराग बसु के निर्देशन में फिल्म ‘गैंगस्टर’आई थी। इस फिल्म का गाना ‘या अली’ काफी प्रसिद्ध हुआ था, जिसे जुबीन गर्ग द्वारा गाया गया था। इसे संगीतबद्ध प्रीतम ने किया था। यह ट्रैक आज भी पुराने-नए सभी म्यूजिक प्लेलिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए है।

### जाने क्या चाहे मन

साकेत चौधरी के निर्देशन में साल 2006 में फिल्म ‘प्यार के साइड इफेक्ट्स’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘जाने क्या चाहे मन’ को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। इस गीत को जुबीन गर्ग की आवाज ने अमर बना दिया।

### दिल तू ही बता

ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म ‘कृष 3’ 2013 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में मौजूद ‘दिल तू ही बता’ गाने को जुबीन गर्ग ने आवाज दी थी। यह रोमांटिक सॉन्ग दर्शकों के दिलों को छू गया था। इस गाने में जुबीन गर्ग के साथ अलीशा चिनॉय भी थीं।





### की कसूर

मोहित हुसैन के निर्देशन में साल 2007 में फिल्म ‘कैसे कहें’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘की कसूर’ को जुबीन गर्ग ने आवाज दी थी। सिंगर की दिल छू लेने वाली गायकी ने इसे एक क्लासिक सॉन्ग बना दिया।

### जीना क्या तेरे बिना

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म ‘क्या लव स्टोरी है’का गाना ‘जीना क्या तेरे बिना’ इमोशंस को बयां करता है। जुबीन गर्ग की आवाज ने इस गाने को भावनाओं से भरने का काम किया था।

### जग लाल लाल लाल

गुड्डू धनवा के निर्देशन में साल 2007 में फिल्म ‘बिग ब्रदर’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘जग लाल लाल लाल’ को दर्शकों ने ढेर सारा प्यार दिया था। जुबीन गर्ग की गायकी ने इसे लोगों के लिए और भी यादगार बना दिया।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**घरघोड़ा।** 19 नवंबर को घरघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम रायकेरा में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। रायकेरा निवासी रूपेश बेहरा अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी व देशी शराब बिक्री के लिए रखा था। रेड कार्रवाई में आरोपी रूपेश बेहरा पिता जिकर लाल बेहरा 35 निवासी रायकेरा के घर से 145 पाव 26 लीटर अवैध शराब के साथ 17 हजार बरामद की गई। आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करना पाया जाने पर थाना घरघोड़ा में धारा 34(2), 34(ख) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए आवेदन 30 तक

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिले में प्रत्येक बाल विकास परियोजना के लिए 15 जोड़ो के मान से 150 जोड़ो के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। आवेदक निर्धारित प्रपत्र में फार्म भरकर संबंधित बाल विकास परियोजनाओं में जमा कर सकते है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए पात्रता में कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष या इससे अधिक होना चाहिए। आवेदक को राज्य का मूल निवासी होना चाहिए और परिवार की वार्षिक आय एक निश्चित सीमा 2.50 लाख से कम होनी चाहिए। इसके अलावा यह भी आवश्यक है कि कन्या का विवाह पहले न हुआ हो। एक परिवार से 02 कन्याओं का विवाह कराया जा सकता है।

### 7 दिसम्बर को होगी आमीन भर्ती परीक्षा

**रायगढ़।** जल संसाधन विभाग अंतर्गत आमीन भर्ती परीक्षा डब्ल्यूआरडी 25 का आयोजन 7 दिसम्बर को होगी। इस परीक्षा के लिए जले में 57 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां करीब 16 हजार 91 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से फ्रिसिंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ ने बताया कि परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिए जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो।

### उदित नगर हाई स्कूल में मनी इंदिरा गांधी जयंती

**राउरकेला।** उदित नगर हाई स्कूल स्थित बिरसा मुंडा हॉल में गुरुवार शाम इंदिरा गांधी जयंती समारोह बड़े वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी जयंती समितिए राउरकेला द्वारा शाम 7 बजे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एजाज़ अख्तर उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता साबिर हुसैन थे। समिति की ओर से सरत पद्ही, शेबो शाऊ, नचिकेता महापात्र,सुमित कंसारी,बाबू मोहंती, मोहम्मद नियाज़ और शेर हुसैन ने इंदिरा गांधी के जीवन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

### हाई स्कूल में विज्ञान मेले का आयोजन

**राउरकेला।** लाठीकाटा ब्लॉक के हातिबंधा ग्राम पंचायत स्थित सरकारी उच्च विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रघुनाथपाली विधानसभा के विधायक दुर्गा चरन तंती ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक तंती ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस युग में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए ज्ञान, तकनीक और कौशल का विकास तथा उसका प्रभावी उपयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति विज्ञान और तकनीक का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनेगा।

---

तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव और संत समागम में पहुंचने लगे संत

# सरिया में संतों का आगमन शुरू श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर के महिमा आश्रम में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं संत समागम के अवसर पर गुरुवार को संतों का आगमन प्रारंभ हो गया है। प्रसिद्ध सिद्ध बाबा वीरेंद्र दास के आगमन होने पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने उनके दंडवत प्रणाम करते हुए उनसे आशीर्वाद लिए। सिद्ध बाबा वीरेंद्र दास अस्वस्थ होने के बाद भी वे भक्तों से मिलने आते हैं। उनके स्वास्थ्यगत दिक्कत के कारण श्रद्धालु उन्हें पालकी के द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाते हैं।

यह श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास के कारण लोग उनके दर्शन के लिए दूर.दूर से पहुंचते हैं। गुरुवार सुबह महिमा धर्म के संत वीरेंद्र दास के आगमन के साथ ही महिमा आश्रम में उनके दर्शन पाने हेतु लोग उमडे। संत बाबा वीरेन्द्र बाबा के मार्गदर्शन पर महिमा आश्रम सरिया में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है।




सिद्ध बाबा वीरेंद्र दास को कंधे पर आश्रम पहुंचाते उनके अनुयायी और आशीर्वाद लेने पहुंचे भक्त।

इसके लिए गुरूवार शाम को कलश यात्रा निकल गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। बाबा वीरेंद्र दास ने धुनी प्रज्वलित कर तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। नगर में संतो के आगमन से धार्मिक अनुष्ठान में तब्दील हो गया है। महिमा धर्म के संत भगवा वस्त्र पहने, सिर में जूड़े लगाए, कंधे पर थैला लटकाए, सिर पर ताड के पत्ते का छाता लिए, नीचे की ओर देखते हुए एवं भजन गाते हुए तथा सूर्योदय और सूर्यास्त के समय दंडवत करते हुए, माथे पर धूल लगाते हुए एवं पत्तों की थाली में भोजन करते हुए, व जलती हुई लकड़ी या धुनी के पास खुले आसमान के नीचे सोते हुए अपने नियमों का पालन करते हैं। महिमा धर्म के अनुयायी रात्रि में भोजन नहीं करते ना ही बहुत नमकीनए बहुत मीठा या बहुत कड़वा भोजन करते हैं। वे शरण और दर्शन करते हैं तथा एक परिवार से केवल एक बार भोजन मांगते हैं। उनकी यह विशेषता है कि एक गांव में केवल एक ही दिन रहते हैं। वे सत्य अहिंसा का पालन करते हैं और अमरता तथा पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। इनका ईश्वर अलेख है।

---



## मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्व.लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह समारोह नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के एमबीबीएस बैच 2025 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें एमबीबीएस प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 100 छात्र-छात्राओं को उन्हें सफेद कोट पहनाकर चिकित्सा पेशे में प्रवेश का प्रतीकात्मक संस्कार कराया गया।

अधिष्ठाता डॉ विनीत जैन ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे की जिम्मेदारियों और मानवीय मूल्यों का महत्व समझाया। अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके मिंज ने अपने संबोधन में प्रोफेशनलिज़्म, नैतिकता और रोगीकेंद्रित देखभाल पर बल दिया।



उन्होंने कहा कि डॉक्टर का पहला औज़ार उसका संवेदनशील शब्द है और रोगी के साथ ईमानदारी तथा करुणा ही चिकित्सा की आत्मा है। समारोह में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से महर्षि चरक शपथ लिया और चिकित्सा सेवा के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कुछ विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपने विचार साझा कर इस क्षण को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरजीत कुंडू प्रोफेसर, एनाटॉमी, डॉ. विजयेंद्र पैंकरा एसोसिएट प्रोफेसर, फिज़ियोलॉजी तथा डॉ. ऋचा गुरुदीवान असिस्टेंट प्रोफेसर, एनाटॉमी द्वारा किया गया।

---




## खरसिया के ग्रापं मुरा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**खरसिया।** ग्राम पंचायत मुरा स्थित उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय में विकास खण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। रंग बिरंगी सजावट, बच्चों का जोश और मंच पर बैठे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित महेश साहू ने छात्रों , खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सुनहरा अवसर देता है। विद्यालय प्रांगण में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक मंचीय गतिविधियों और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सेत बाई छोटे लाल पटेल, चपले मंडल प्रभारी श्रीमती मधु पटेल ने विचार व्यक्त किए अन्य अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद उपाध्यक्ष, महका मंडल अध्यक्ष डॉ हितेश गबेल, सीईओ पवन पटेल, बीईओ एनके पटेल, प्राचार्य श्री पटेल, जनपद सदस्य चितावर सिदार, मंडल अध्यक्ष पवन पटेल समेत अन्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत होगा बच्चों का ऑपरेशन

**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 05 जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का इलाज होगा। इसमें नितिका राठिया उम्र 14 साल ग्राम छर्राटांगर, शुभम राठिया उम्र 04 साल ग्राम बटुराकछार शैलेश राठिया उम्र 05 ग्राम कोसमघाट युलीना राठिया उम्र 06 साल ग्राम पुसल्दा उमा राठिया उम्र 09 साल ग्राम जरकट को इकोकार्डियोग्राफी के लिए अस्पताल ले जाया गया। इकोकार्डियोग्राफी एक अल्ट्रासाउंड परीक्षण है जो ध्वनि तरंगों का उपयोग करके आपके हृदय की गतिशील छवियां बनाता है। इसे को या इकोकार्डियोग्राम भी कहते हैं। इस प्रक्रिया से डॉक्टर हृदय की संरचना और कार्यप्रणाली वाल्वों की स्थिति और हृदय से रक्त के प्रवाह को देख पाते हैं। यह एक दर्द रहित और गैर आक्रामक परीक्षण है।



## एमएसएमई हितग्राहियों का हुआ समाधान, 6 लोगों का ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- उद्योग एवं बैंकर्स संपर्क कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जिले में एमएसएमई प्रदर्शन वृद्धि योजना के अंतर्गत आज सृजन कक्ष, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला रायगढ़ में उद्योग एवं बैंकर्स संपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लगभग 70 हितग्राहियों ने सहभागिता की। जिले के भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक,




छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने उपस्थित रहकर लंबित प्रकरणों तथा नए इच्छुक उद्यमियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद किया। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों द्वारा समाधान और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मौके पर ही लंबित ऋण प्रस्तावों पर कार्यवाही की गई। 8 उद्यमियों को विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की सहमति दी गई तथा 6 इकाइयों को कार्यशाला में ही ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

---

## आंबा केंद्रों में लगे आरओ में गड़बड़ी की शिकायत

**खरसिया।** खरसिया शिवसेना इकाई के अध्यक्ष शनि पिंटू यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आंगनवाड़ी केंद्रों में लगे आरओ केंट मे गड़बड़ी की शिकायत जनपद सीईओ से की है। बताया गया की ग्राम तेलीकोट और उसके आसपास लगभग 17 आंगनवाड़ी केन्द्रो मे शासन द्वारा आरओ केंट लगाया गया है, जिसमें अधूरा कार्य हुआ है। शिवसेना अध्यक्ष ने आगे बताया की बिना काम पूर्ण हुए स्वीकृत राशि का बोर्ड लगा दिया गया है जो नियम के खिलाफ है। शिवसेना कार्यकर्ताओ ने मुख्यकार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनें की मांग की है।



### आधार कार्ड से वोटर आईडी को जोड़ने की मांग

**सरसीवा।** विधानसभा बिलाईगढ़ के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। इसामें वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ने की मांग की गई है। बताया गया है कि आधार कार्ड से राशन कार्ड को जोड़ा गया है, आधार कार्ड से पेन कार्ड को जोड़ा गया है, आधार कार्ड से बैंक एकाउंट जोड़ा गया है, आधार कार्ड से सिलेंडर गैस को जोड़ा गया है, आधार कार्ड से मोबाइल नंबर को जोड़ा गया है, आधार कार्ड को स्कूल कॉलेज के परीक्षा से जोड़ा गया है, आधार कार्ड से शासन के समस्त योजनाओं के लाभ लेने के लिए जोड़ा गया है, तो लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहचान पत्र, वोटर आईडी को आज तक आधार कार्ड से क्यों नहीं लिंक किया गया, वोटर आईडी को आधार लिंक करने की मांर की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माध्यम से निवेदन किया है।

## 12वीं के छात्रों ने 11वीं के छात्रों को डायल काल का कराया प्रैक्टिकल




**चंद्रपुर।** आज कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने जिंक और अम्ल का रोचक प्रयोग किया। बच्चों ने देखा कि जिंक धातु अम्ल के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस बनाती है, जिसे जलती तीली के पास ले जाने पर पॉप ध्वनि से पहचाना गया।

यह प्रयोग बच्चों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और उत्साहपूर्ण रहा। सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस गतिविधि का उद्देश्य था जूनियर छात्रों को इलेक्ट्रो केमिस्ट्री का वास्तविक अनुभव दिलाना, सीनियर्स में नेतृत्व क्षमता विकसित करना, प्रयोगात्मक ज्ञान को मजबूत करना। 11वीं के छात्रों ने बड़ा उत्साह दिखाया और 12वीं के बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास से समझाया। यह सहयोग की भावना हमारे स्कूल का बड़ा गुण है।

## कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में गूंजा सुन्दरकांड का पाठ

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित कनिष्ठ अभियंता विद्युत कार्यालय के स्थापना के कुछ साल बाद यहां जब एसके दुबे पदस्थ हुए तब इन्होंने कार्यालय में कार्य कर रहे लोगों तथा अपने वरिष्ठ अधिकरियों के सहयोग से एक भव्य हनुमान मंदिर की स्थापना की और वहां मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया तब से अब तक यहां पूजा आराधना अनवरत जारी है। जिसके स्थापना के प्रत्येक वर्ष कार्यालय परिसर में सुन्दरकांड पाठ के साथ भंडारा का आयोजन होता रहा है। इसी कड़ी में मंदिर के 6वें वर्ष में यह आयोजन हुआ। जिसमें दुबे परिवार के साथ विभाग के लोग भी शामिल हुए।

वहीं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि गण भी शामिल हुए। बीते पांच वर्षो में यह मंदिर एक प्रमुख स्थल में तब्दील हो गया है जहां हाउसिंग कालोनी के लोग आते जाते जहां माथा नवाते हैं वहीं अपनी अभिष्ट की पूर्ति के लिए भगवान के



समक्ष कातर भाव से अपनी मांग रखते रहे हैं। कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता कार्यालय परिसर सुन्दरकांड के पाठ से गूंज उठा। विभाग के जिला स्तर के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी इसमें शामिल होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीते 19 नवम्बर को प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा अर्चना और भगवा ध्वज पताका आरोहण के साथ हुआ। उसी दिन श्रीराम जय राम जय जय राम के मधुर भजन के बीच हनुमान चालीसा और सुन्दरकाड पाठ भी हुए। जिसमें समीपस्थ ग्राम के रामायण मंडली ने अपनी मधुर ध्वनि से भक्ति रस की धारा प्रवाहित की।

---

उपार्जन केंद्र को उप मंडी का दर्जा है प्राप्त, 18 सौ किसान पंजीकृत

# सरिया को पूर्ण मंडी का दर्जा देने की मांग, खरीदी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

जय जवान जय किसान की जय घोष के साथ जिले के सबसे बड़े धान उपार्जन केंद्र सरिया में गुरुवार को मां अन्नपूर्णा की पूजा पाठ कर धान खरीदी का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सबसे बड़े धान खरीदी केंद्र सरिया में गुरुवार को परंपरा अनुसार धान उपार्जन कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, आंचलिक किसान संघ अध्यक्ष मोहन पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुरारी नायक सहित बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति में सबसे पहले भारत माता एवं



छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर, दीप प्रज्वलित कर आरती उतार कर तथा धान एइलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन एवं अन्य उपकरणों का पूजा पाठ कर धान खरीदी प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष व मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधायक तथा छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी हमेशा से ही किसान हित में कार्य करते हुए धान खरीदी सुचारू रूप से संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना करना ना पड़े। समिति प्रबंधन उचित ख्याल रखें। इस दौरान आंचलिक किसान संघ मोहन पटेल ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जन प्रतिनिधियों से मांग किया कि जिले का सबसे बड़ा धान खरीदी केंद्र सरिया में करीब 18 सौ किसानों का पंजीयन है। जिसमें किसानों के द्वारा धान विक्रय किया जाता है। यह उपार्जन केंद्र उप मंडी का दर्जा प्राप्त है। इसे पूर्ण मंडी की दर्जा दिलाने की मांग किसानों द्वारा की गई। जहां नगर पंचायत अध्यक्ष ने किसानों की मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाने आश्वासन दिया। इस मौके पर धाम देखने आए किसानों का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों ने वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

